Tilakdhari P. G. College, Jaunpur-222002, U.P.
(Accredited B Grade by NAAC-2014)
(Also Accredited by ICAR, NCTE & BCI)
**Affiliating University: Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur (U.P.)**
**College Code-601 Email: principaltdc1914@gmail.com Website: www.tdcollege.ac.in**

Ref. P.B.N3935/2026-27 Date- 10-08-2026

# कार्यालय आदेश

महाविद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक–09.08.2026 के प्रस्ताव संख्या–08(ग) में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि मा0 कुलपति जी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के पत्र संख्या– 11828/सामा0प्रशा0/2025 दिनांक–08.10.2025 तथा इस कार्यालय के आदेश पत्र संख्या–पी.बी.एन.3486/2025–26 दिनांक–13.01.2026, पी.बी.एन.3092/2025–26 दिनांक–10.10.2025 तथा पी.बी.एन.2681/2024–25 दिनांक–12.04.2025 का अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रति किसी भी प्रकार की कोई भी भ्रामक सूचना टिप्पणी व कथन अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म–फेसबुक, व्हाट्एप, इन्स्ट्राग्राम, यू ट्यूब, एक्स (ट्विटर), ई–मेल, वेबसाइट व प्रिन्ट मीडिया द्वारा सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति/संज्ञान में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी द्वारा किया जाता है तो यह शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का आचरण परिनियमावली के विरूद्ध एवं महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के प्रति सड़यंत्र माना जाएगा। यह भी कि कोई भी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी महाविद्यालय के कार्य सम्बन्धी कोई भी गोपनीय सूचना किसी ऐसे व्यक्ति के समक्ष प्रस्तुत नहीं करेगा जो उसके सम्बन्ध में प्राधिकृत न हो।

साथ ही साथ यह भी अवगत कराना है कि महाविद्यालयीय समस्त पत्र व्यवहार जो भी हो अन्य समस्त अनुदेश अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से ही प्रबन्ध समिति को प्रेषित किये जायेगें और शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी वर्ग का कोई भी सदस्य बिना अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से प्रबन्ध समिति के किसी भी सदस्य से सीधे पत्राचार के सम्बन्ध में भेंट नही करेंगें एवं महाविद्यालय के नाम से एक ही व्हाट्सएप ग्रुप है–TDPG COLLEGE JAUNPUR इसी व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा प्रेषित कोई भी सूचना या आदेश ही विधिमान्य होगा और यदि TDPG नाम से सम्बन्धित कोई भी अन्य व्हाट्सएप ग्रुप बना है या किसी भी बाहरी व्यक्ति या महाविद्यालय स्टाफ द्वारा बनाया जाता है तो ग्रुपऐडमिन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी होगी एवं महाविद्यालय परिसर की सम्बन्धित सोशल मीडिया का गलत प्रयोग संस्था की गरिमा के प्रति षड्यंत्र मानते हुए उसके प्रति दण्डात्मक कार्यवाही हेतु नियमानुसार शासन–प्रशान को अवगत करा दिया जायेंगा।

अतः आप सभी उपर्युक्त का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

10-08-26

प्रो0 (डॉ0) राम आसरे सिंह
प्राचार्य

पृष्ठांन संख्या व दिनांक : उपर्युक्त
प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
2. कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. मा0 अध्यक्ष जी, प्रबन्ध समिति, तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर।
4. मा0 प्रबन्धक जी, प्रबन्ध समिति, तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर।
5. कार्यालय अधीक्षक।

प्राचार्य